**प्रत्यक्ष विदेशी निवेश** में वर्ष 1999-2000 तक भारत को और भारत द्वारा मुख्यतः इक्विटी पूँजी समाहित है। अंतरराष्ट्रीय उत्तम व्यवहारों के अनुरूप एफ़डीआई का दायरा 2000-01 से बढ़ाकर उसमें इक्विटी पूँजी के अलावा पुनर्निवेशित अर्जन (एफ़डीआइ कम्पनियों के धारित अर्जन) और 'अन्य प्रत्यक्ष पूँजी, (संबद्ध संस्थाओं के मध्य अंतर-कंपनी ऋण लेनदेन) शामिल किए गए हैं। इक्विटी पूँजी के डाटा में निगमित निकायों की इक्विटी के अलावा अनिगमित संस्थाओं (मुख्यतः भारत में विदेशी बैंक शाखाओं तथा विदेश में परिचालित भारतीय बैंक शाखाओं) की इक्विटी शामिल हैं। अद्यतन वर्ष के पुनर्निवेशित अर्जनों पर डाटा का अनुमान पिछले दो वर्षों के औसत के रूप में लगाया गया है, चूँकि ये डाटा एक वर्ष के समयान्तर में उपलब्ध हैं। उक्त परिशोधन को ध्यान में रखकर, एफडीआइ डाटा, पिछले वर्षों के समान डाटा से मिलान योग्य नहीं है। भुगतान संतुलन (बीओपी) के संकलन के मानक व्यवहार के संदर्भ में, एफ़डीआइ डाटा के उक्त परिशोधन भारत की समग्र बीओपी स्थिति को प्रभावित नहीं करता क्योंकि विदेशी मुद्रा भंडार की अभिवृद्धि में कोई परिवर्तन नहीं होगा। फिर भी, बीओपी की रचना में परिवर्तन हो सकता है। ये परिवर्तन निवेश आय, बाह्य वाणिज्यिक उधार तथा भूलचूक से संबंधित हैं। पुनर्निवेशित आय के मामले में, चालू खाते में निवेश आय के तहत समान मात्रा की प्रति प्रर्विष्टि (नामे) होंगीं। ''अन्य पूंजी'', जो एफ़डीआई अन्तर्वाह के भाग के रूप में सूचित थी, को उसी राशि के द्वारा बाह्य वाणिज्यिक उधार के तहत सूचित आंकड़ों से निकाला गया। विदेश में भारतीय कंपनियों द्वारा ''अन्य पूँजी'' तथा अनिगमित निकायों की इक्विटी पूँजी वर्ष 2000-01 व 2001-02 की भूल-चूक में समायोजित हैं।

**संविभागीय निवेश** में प्रमुखतः एफआइआइ निवेश, भारतीय कंपनियों द्वारा जीडीआर/ एडीआर के जरिए और अपतटीय निधियों के माध्यम से जुटाई निधियां शामिल हैं। अब तक सूचित विदेशी निवेश के आंकड़े 2000-01 से इक्विटी पूंजी तथा संविभागीय निवेश के रूप में अलग किए गए।

**बाह्य सहायता** से तात्पर्य भारत द्वारा विभिन्न करारों के तहत अन्य विदेशी सरकारों को प्रदान वित्तीय सहायता एवं ऐसे ऋणों की चुकौती अभिप्रत है। भारत को बाह्य सहायता में भारत सरकार तथा अन्य सरकारों / अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के बीच करारों के तहत प्राप्त बहुपक्षीय और द्विपक्षीय ऋण और भारत द्वारा ऐसे ऋणों की चुकौती शामिल हैं, पूर्ववर्ती ''रुपया क्षेत्र'' देशों को चुकाए ऋण छोड़कर, जो रुपया ऋण सेवा के तहत समाहित हैं।

**वाणिज्यिक उधार** में सभी मध्यावधि / दीर्घावधि ऋण शामिल हैं। भारत द्वारा वाणिज्यिक उधार विभिन्न देशों को भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एग्ज़िम बैंक) द्वारा दिए गए ऋण और ऐसे ऋणों की चुकौती के द्योतक है। भारत को वाणिज्यिक उधार क्रेता के ऋण, आपूर्तिकर्ता के ऋण, अस्थायी दर वाले नोटों (एफआरएन), वाणिज्यिक पत्र (सीपी), बांडों, भारतीय कंपनी द्वारा विदेश में जारी, विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों (एफसीसीबी) को शामिल करते हुए ऋणों के आहरण / चुकौती के द्योतक हैं। इसमें भारत विकास बांड, (आइडीबी), रिसर्जेंट इंडिया बांड, इंडिया मिलेनियम डिपॉजिट (आइएमडी) भी शामिल हैं।

**अल्पावधि ऋण** एक वर्ष से कम परिपक्वतावाले ऋणों के संबंध में आहरण, उपयोग और चुकौती को निर्दिष्ट करता है।

**बैंकिंग पूँजी** के तीन घटक हैंः (क) वाणिज्यिक बैंकों (एडी) की विदेशी आस्तियाँ (ख) वाणिज्यिक बैंकों (एडी) की विदेशी देयताएँ (ग) अन्य। वाणिज्यिक बैंकों की 'विदेशी आस्तियाँ' हैं- (i) विदेशी मुद्रा धारिताएं (ii) अनिवासी बैंकों को रुपया ओवरड्राफ्ट/वाणिज्यिक बैंकों की विदेशी देयताओं में है- (i) अनिवासी जमाराशियाँ जिसमें विभिन्न अनिवासी जमा योजनाओं की प्राप्तियाँ और मोचन तथा (ii) अनिवासी जमाराशियों से इतर देयताएँ, जिसमें अनिवासी बैंकों और सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं को रुपया तथा विदेशी मुद्रा देयताएँ शामिल हैं। बैंकिंग पूंजी के तहत 'अन्य' में विदेशी केंद्रीय बैंकों के तथा भारि बैंक के साथ रखे गए आइबीआरडी, आइडीए, एडीबी, आइएफसी, आइएफएडी आदि जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के शेष में चलन साथ ही लन्दन और टोकियो में भारत के दूतावासों द्वारा धारित शेष में चलन शामिल हैं।

**सारणी सं. 53**

(क) भारत सरकार की 6 जुलाई 1982 की अधिसूचना सं. 10(45)/ 82-एसी(5) के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 17 (खंड 4 के उपखंड (क) को छोड़कर) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा राज्य सहकारी बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को दिए गए ऋण और अग्रिम तथा 11 जुलाई 1982 को बकाया राशि नाबार्ड अधिनियम, 1981 की धारा 21 के अंतर्गत नाबार्ड द्वारा स्वीकृत ऋण और अग्रिम माने जाएंगे। नाबार्ड की स्थापना की तारीख अर्थात् 12 जुलाई 1982 से (i) भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 17(4)(क) के अंतर्गत सरकारी और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों की जमानत पर सामान्य बैंकिंग कारोबार के प्रयोजन के लिए तथा (ii) भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 17(2) (खख) के अंतर्गत शहरी सरकारी बैंकों की ओर से दिए जाने वाले ऋण और अग्रिम को छोड़कर भारतीय रिज़र्व बैंक राज्य सहकारी बैंकों को ऋण और अग्रिम नहीं देता। भा.रि. बैंक अधिनियम 1934 की धारा 17 (4) (क) के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा राज्य सहकारी बैंकों को दिए गए ऋण और अग्रिम इस सारणी के अंतर्गत नहीं आते हैं।

(ख) नाबार्ड अधिनियम, 1981 की धारा 21, 22 और 24 की विभिन्न उप-धाराओं के अधीन अग्रिम दिए गए हैं। बकाया राशियाँ अवधि समाप्ति से संबंधित हैं।

(1) इनमें अल्प वन उत्पाद के विपणन के लिए रु. 10 लाख की अग्रिम राशि शामिल है।

**सारणी सं. 54**

बकाया राशि अवधि समाप्ति से संबंधित हैं और इसमें देश की विभाजन-पूर्व देयताओं में भारत संघ का अंश शामिल है तथा चुकौतियों में भारतीय निवेशकर्ताओं की विभाजन-पूर्व की चुकौतियाँ शामिल हैं।

(1) प्राप्ति और बकाया राशियों में जमाकर्ताओं के ख़ाते में समय-समय पर जमा किया गया ब्याज भी शामिल है। बकाया राशियों में निष्क्रिय बचत बैंक ख़ातों के अंतर्गत शेषराशियाँ भी शामिल हैं।

(2) ये 5 वर्षीय, 10 वर्षीय और 15 वर्षीय संचयी मीयादी जमाराशियों से संबंधित हैं।

(3) लोक भविष्य निधि (पीपीएफ़) के आंकड़े डाक-घर के लेनदेनों से संबंधित हैं तथा बैंकों द्वारा संगृहीत पीपीएफ़ शामिल नहीं है।

(4) केवल सामाजिक सुरक्षा प्रमाणपत्रों से संबंधित हैं।

(5) इनमें सार्वजनिक भविष्य निधि शामिल नहीं हैं।

(6) गलत वर्गीकरण के शुद्धिकरण के कारण आंकड़े ऋणात्मक हैं।

**सारणी सं. 55**

राशियाँ अंकित मूल्य के अनुसार हैं।

(1) मूल्य आधारित नीलामियों पर पुन: जारी प्रतिभूतियों को दर्शाती हैं।

(2) मूल्य आधारित नीलामियों के जरिए नए निर्गम।

(3) 23 मई 2000 को टैप निर्गम बंद।

(4) प्रतिफल आधारित नीलामियां।

(5) भारतीय रिजर्व बैंक के पास निजी स्थानन।

(6) आधार दर के ऊपर मार्जिन दायरा (स्प्रेड) प्रथम छह माह के लिए कूपन दर 5.09% है।

(7) आधार दर के ऊपर मार्जिन दायरा (स्प्रेड) प्रथम छह माह के लिए कूपन दर 7.01% है।

(8) आधार दर के ऊपर मार्जिन दायरा (स्प्रेड) प्रथम छह माह के लिए कूपन दर 6.98% है।

(9) एकसमान मूल्य नीलामी।

(10) गैर प्रतियोगी बोली लगानेवालों को औसत आय/प्रतियोगी बोली मूल्य पर आबंटन ।

(11) बाइ-बैक नीलामी में पुन: खरीदी गई 19 प्रतिभूतियों के समकक्ष अंकित मूल्य हेतु पुन: जारी चार प्रतिभूतियाँ।

(12) बाज़ार स्थिरीकरण योजना।